दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्पदंश एवं पानी डूबने से 5 लोगों की असामयिक मृत्यु : वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया एवं लैलूंगा अंतर्गत 5 लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत पानी में डूबने एवं सर्पदंश के कारण असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित क्षेत्र के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरसिया अनुविभाग अंतर्गत तहसील खरसिया के ग्राम-भालूनारा निवासी रविशंकर धनवार की 24 अगस्त 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सावित्री धनवार को 4 लाख रुपये, तहसील खरसिया के ग्राम-छोटे जामपाली निवासी सुनिमती चौहान की 11 दिसम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पुत्र तरूण कुमार चौहान को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह लैलूंगा अनुविभाग अंतर्गत तहसील लैलूंगा के ग्राम-कुर्रा निवासी सुन्दर लाल राठिया की 8 दिसम्बर 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रजमेत राठिया को 4 लाख रुपये, ग्राम-करवारजोर की रूंगीबाई की 27 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति रामकुमार को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-गंजपुर तहसील खरसिया की आसमती राठिया की 12 जनवरी 2023 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति जनारसिंह को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर की पहल, अब विकासखंड स्तर पर लगेगी जनचौपाल : 26 अप्रैल को धरमजयगढ़ में लगेगा जनचौपाल

**रायगढ़।** कलेक्टर सिन्हा एक नई पहल करने जा रहे हैं। अब वे जिले मुख्यालय के साथ ही अपने प्रवास के दौरान विकासखंड स्तर पर भी जनचौपाल लगाने जा रहे हैं। जिससे दूर-दराज के लोग जो मुख्यालय नही पहुंच पाते हैं उनसे मिलकर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान के लिए कार्य किया जा सके। इस कड़ी में कलेक्टर सिन्हा बुधवार को धरमजयगढ़ प्रवास पर रहेंगे। यहां वे जनपद पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से जनचौपाल लगाकर लोगों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित सभी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर सिन्हा हर हफ्ते सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनचौपाल के माध्यम से लगातार लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन उनके निराकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है। अब कलेक्टर सिन्हा ने इस दिशा में नई पहल की है। जिससे विकासखंड स्तर पर लोग कलेक्टर से सीधे मिलकर अपनी बात रख सकें।

### आयुष्मान कार्ड बनाने कलेक्टोरेट में आज लगेगा शिविर

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में 25 अप्रैल 2023 को पूर्वान्ह 11 से शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो ले जाना होगा। जिसके माध्यम से लाभार्थी की पात्रता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा अभ्यर्थी कही भी कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, यूटीआई-आईटीएसएल केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया गया था। आयुष्मान के माध्यम से लाभार्थियों को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिकों को पंजीकरण करवाना होता है। जिसके पश्चात उनको आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाता है। इस कार्ड को अस्पताल में दिखा कर लाभार्थी 5 लाख रुपए का मुफ्त उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी एंपेनल्ड हॉस्पिटल के माध्यम से अपना मुफ्त इलाज करवा सकता है। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में कोरोना, कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया डायलिसिस, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, नि:संतानता, मोतियाबिंद और अन्य चिह्नित गंभीर बीमारियों का नि:शुल्क उपचार इस योजना के तहत किया जाता है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जन चेतना की शुरुआत

# ट्रक ड्रायवर्स और क्लीनर्स की हुई आंखों की जांच, प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त पहल

- भीषण गर्मी को देखते हुये मुख्य मार्ग में जनसामान्य के लिए खोली गई सार्वजनिक प्याऊ



**रायगढ़।** यातायात के नियमों का पालन करने में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम वाहन चलाते समय पूरी सजगता बरतें ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। यातायात को सुधारकर ही हम सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि पुलिस-प्रशासन के साथ आमजनों का सहयोग बनी रहे। पुलिस-प्रशासन और यातायात विभाग अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभा रहा है, जरूरत है कि आमजन भी इस जिम्मेदारी को समझें और ईमानदारी से निभाएं, ताकि सड़क पर आप और आपका परिवार सुरक्षित सफर करें।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात एवं पुलिस विभाग द्वारा आज रायगढ़ शहर में जनचेतना शिविर का आयोजन किया गया। जनचेतना शिविर मुख्यत: तीन बिंदुओं पर नागरिकों में जागरूकता प्रसारित करने पर आधारित है। जैसे साइबर फ्रॉड के तरीके और उनसे बचने के उपाय, नशामुक्ति का महत्व और नशे के सेवन के दुष्परिणाम एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है।

जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा साइबर फ्रॉड, नशामुक्ति के महत्व, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने जागरूकता कार्यक्रमों के साथ कार्यवाही के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस, रायगढ़ द्वारा 'जन चेतना' के तहत वाहन चालकों एवं क्लीनर्स के लिये एक दिवसीय स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर रायगढ़-पूंजीपथरा मुख्य मार्ग में ग्राम उर्दना के समीप लगाया गया, जिसमें पीएचसी नन्देली एवं पीएचसी लोइंग के स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा 63 ड्राइवरों/क्लीनर्स के आँखों की जाँच कर आवश्यकता अनुसार चश्मे का नंबर और दवाईयां लिखी गई है। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ट्राफिक डीएसपी को सप्ताह में कम से कम दो दिन अलग-अलग स्थानों पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

यातायात पुलिस द्वारा आयोजित जन चेतना कार्यक्रम में एडिशनल एसपी संजय महादेवा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, डीएसपी ट्राफिक सुशांतो बनर्जी, पीएचसी लोइंग के राजेश आचार्य, पीएचसी नन्देली चंद्रशेखर साहू, थाना यातायात के एएसआई राजेन्द्र पटेल, हेड कांस्टेबल मुकेश चौहान और स्टाफ उपस्थित थे। अधिकारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे वाहन चालकों और क्लीनर्स को समय-समय पर आंखों एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दिये और तेज गति व शराब सेवन कर वाहन चलाने से बचने की हिदायत दिया गया है।

सार्वजनिक प्याऊ की हुई शुरूआत

रायगढ़ शहर में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए सहायता केन्द्र में यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा सार्वजनिक प्याऊ की शुरूआत भी किया है। सार्वजनिक प्याऊ में देशी मटके में शीतल पेयजल भरा गया है। ताकि वहां से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडे पानी के लिए भटकना ना पड़े।

## बच्ची को बाथरूम में बंद कर प्रताड़ित करने वाली महिला शिक्षिका गिरफ्तार

- पड़ोसियों की सूचना पर महिला बाल विकास और खरसिया पुलिस द्वारा किया गया था बच्ची का रेस्क्यु



**रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र अंतर्गत करीब 05 साल की बच्ची को घंटों बाथरूम में बंद कर प्रताड़ित किये जाने वाली घटना के संज्ञान में आते ही 20 अप्रैल की रात महिला बाल विकास और खरसिया पुलिस ने पडोसियों की सूचना पर बालिका का महिला शिक्षिक के घर से रेस्क्यू किया गया था। पीड़ित बच्ची को संरक्षण की आवश्यकता पर चाईल्ड लाईन रायगढ़ के सुपुर्द किया गया। दिनांक 21.04.23 को बाल कल्याण समिति रायगढ़ के समक्ष बालिका को काउन्सिलिंग के लिये पेश किया गया, बताया जा रहा है कि बालिका डरी सहमी हुई है, जिसके मनोस्थिति शांत होने पर काउन्सिलिंग किया जावेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा अग्रवाल, शासकीय विद्यालय ग्राम बासमुडा में प्रधान पाठक है, बच्ची को कुछ माह पहले घर लाकर रखी थी जिसे आशा अग्रवाल द्वारा प्रताड़ित किये जाने की सूचना पर बालिका का रेस्क्यु किया गया।

घटना को लेकर कल जिला बाल संरक्षण अधिकारी रायगढ एवं संयोजक आशियाना खुला आश्रय गृह रायगढ़ से प्राप्त प्रतिवेदन पर पुलिस चौकी खरसिया में आरोपिया आशा अग्रवाल पति रघुनाथ अग्रवाल उम्र करीब 52 साल निवासी सिचांई कालोनी मदनपुर खरसिया, चौकी खरसिया जिला रायगढ़ पर धारा 342 आईपसी एवं धारा 75 किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा आज आरोपिया आशा अग्रवाल को चौकी खरसिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड वास्ते पेश किया गया है।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ में अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस का हुआ आयोजन

- जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने जिले वासियों को दी अक्ती तिहार की बधाई



**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में उत्सव के रूप में अक्ती तिहार (अक्षय तृतीया पर्व) कृषि महाविद्यालय के परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के द्वारा माटी पूजन और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण, माल्यार्पण के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की परंपरा बीज संस्कार का निर्वहन करते हुए किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने अक्ती तिहार के महत्व को बताते हुए कृषकों एवं समस्त जिला वासियों को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से कृषकों को बताया गया। उन्होंने कहा की जिले में कृषकों के हित के लिए महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ मजबूती के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के पारम्परिक त्योहारों को समय-समय पर हर्षोल्लास के साथ मनाते रहना चाहिए जिससे की शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपनी परम्पराओं एवं संस्कृतियों का भी ज्ञान हों सके।

डॉ बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ ने सभी का स्वागत करते हुए कहा की कृषि विज्ञान केंद्र एवं महाविद्यालय कृषकों को कृषि से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी एवं कम लागत में अधिक उत्पादन के जिला लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं उनको प्रेरित करने का काम कर रही है। उद्यान अधीक्षक ने किसानों से भूमि, जल एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए जैविक खेती के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि रासायनिक कृषि के वनस्पत जैविक खेती से उनको ज़्यादा लाभ और पोषणयुक्त खेती का फायदा मिल सकता है जो की समाज के लिए बहुत ही उपयोगी है।

कार्यक्रम में उद्यान अधीक्षक डी.आर.खर्रा, डीडीएम (नाबार्ड)श्री तपन कुमार सेठी,किसान वाणी के कार्यक्रम अधिशासी शशि प्रकाश पाण्डेय, क्षेत्रीय अधिकारी रेशम विभाग, शिव पटेल, पशु चिकित्सा अधिकारी, एस.के.झा, मत्स्य निरीक्षक तेजश्वरी गवेल, खूब चंद बघेल अवार्ड से सम्मानित रायगढ़ जिले के प्रगतिशील कृषक मुकेश चौधरी, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित दादूराम चंद्रा एवं जिले के अनेक प्रगतिशील कृषक, डॉ.ए.के. सिंह, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ एवं कार्यक्रम संयोजक के रूप में डॉ बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## नगर निगम ने बनाया रिकार्ड : अब तक का सर्वाधिक 14.77 करोड़ संपत्ति कर करवाया जमा, लक्ष्य का है 93 प्रतिशत

- पिछले साल की तुलना में 10.78 करोड़ अधिक संपत्ति कर हुआ प्राप्त
- खुद के राजस्व से ही अधिकारी-कर्मचारियों के साल भर के वेतन का किया भुगतान, अगले 6 महीने के भुगतान लायक राशि कोष में है जमा
- 2010 के बाद निगम क्षेत्र में हुआ भवन व भूमि सर्वे
- संपत्ति कर प्रबंधन के लिए बन रहा ऑनलाईन सॉफ्टवेयर, घर बैठे कर सकेंगे भुगतान

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन तथा नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम रायगढ़ ने इस वर्ष रिकार्ड 14 करोड़ से अधिक संपत्ति कर वसूल किया है। जो कि मिले लक्ष्य का 93 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम, रायगढ़ में वर्ष 2022-23 में विगत पांच वर्षो की तुलना में इस वर्ष रिकार्ड 93.08 प्रतिशत संपत्ति कर 31 मार्च 2023 तक वसूली की गई। नगर निगम द्वारा इस वर्ष 14 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि संपत्तिकर के रूप में वसूली की गई। जो कि आज तक निगम द्वारा किसी भी वर्ष में वसूल किए गए संपत्तिकर में सर्वाधिक है। विगत 2010 के बाद से निगम क्षेत्र के समस्त भवन/भूमि का सर्वे का कार्य नहीं हुआ था, जिसे वर्तमान में वर्ष 2022-23 में सघन सर्वेक्षण कार्य कराया गया जिसमें 7280 भवन की वृद्धि हुई है, जिससे राजस्व आय में वृद्धि हुई है।

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात राजस्व वसूली बढ़ाने हेतु प्रत्येक माह दो बार राजस्व शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर राजस्व वसूली बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। जिसके कारण वर्ष भर में निकाय को कभी भी अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन के भुगतान हेतु शासन से ऋण लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी और अभी निकाय में इतनी राशि है कि आगामी 6 माह तक वेतन का भुगतान किया जा सकता है।

संपत्तिकर भुगतान के लिए बन रहा ऑनलाईन सॉफ्टवेयर

संपत्तिकर प्रबंधन प्रणाली का रख-रखाव हेतु ऑनलाईन करने सॉफ्टवेयर निर्माण की कार्यवाही की जा रही है जो इस वित्तीय वर्ष में शीघ्र प्रारंभ हो जाएगी। जिससे करदाता आसानी से घर बैठे करों का भुगतान कर सकेंगे। उपभोक्ता प्रभार शुल्क हेतु वार्डवार सर्वे कराकर मांग पंजी तैयार कर ली गई है जिससे इस वर्ष संपत्तिकर एवं अन्य करों के साथ-साथ उपभोक्ता प्रभार को भी ऑनलाईन कर लिया जाएगा। जिससे घर बैठे ऑनलाईन उपभोक्ता प्रभार शुल्क जमा कर सकेंगे।

विगत पांच वर्षो के ये है आंकड़े

संपत्तिकर वसूली वर्ष 2018-19 में 89.35 प्रतिशत, वर्ष 2019-20 में 76.21 प्रतिशत, वर्ष 2020-21 में 77.90 प्रतिशत, वर्ष 2021-22 में 56.67 प्रतिशत एवं वर्ष 2022-23 में 93.08 प्रतिशत वसूली जो कि पिछले पांच वर्षो की तुलना में सबसे अधिक संपत्तिकर की वसूली हुई है। विगत पांच वर्षों की तुलना में 2022-23 में संपत्ति की वसूली मांग 15 करोड़ 86 लाख के विरूद्ध 14 करोड़ 77 लाख हुई है। जो लक्ष्य का 93.08 प्रतिशत है, यह विगत वर्षो की तुलना में सर्वाधिक है। गत वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 की कुल वसूली में 10 करोड़ 78 लाख की वृद्धि हुई है। गत वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 की समेकितकर में 50.77 लाख की वृद्धि हुई है। गत वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 की जलकर में 1 करोड़ 14 लाख की वृद्धि हुई है।

## चक्रधरनगर पुलिस ने ढूंढे 2 गुमशुदा, परीक्षा का पर्चा बिगड़ने पर घर से भागी थी युवती

**रायगढ़।** गुम इंसानों की जांच में संजीदगी बरतने के एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर चक्रधरनगर पुलिस ने आज दो गुम इंसान को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। अलग-अलग क्षेत्र के युवक और युवती के गुम होने की रिपोर्ट 19 अप्रैल को थाने में दर्ज कराया गया था। कॉलेज छात्रा के परिजन बताये उनकी लड़की 19 अप्रैल 2023 को परीक्षा लिखने गई थी जो वापस नहीं आयी है। गुम इंसान जांच कर रही महिला प्रधान आरक्षक राजश्री मेश्राम द्वारा गुम युवती के परिजनों और सहेलियों से बयान लेकर जांच आगे बढ़ाया गया तो युवती के उसके बुआ के घर होने की जानकारी मिली। युवती से संपर्क कर थाने लेकर आया गया जो अपने बयान में पेपर अच्छा नहीं बनने से फेल होने के डर से वापस घर ना आकर अपनी बुआ के घर चली जाना बताई।

वहीं 19 अप्रैल को गुम युवक के संबंध में दर्ज किये गये रिपोर्ट पर परिजन बताये कि युवक तारागढ़ से इलेक्ट्रिानिक स्कुटी पर दूध लेकर रायगढ़ आया था और वापस घर नहीं गया है। युवक के परिजन काफी परेशान थे।

गुम इंसान को गंभीरता से लेते हुये जांचकर्ता प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन द्वारा थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर से मार्गदर्शन प्राप्त कर युवक के घर से आने से लेकर दूध वितरण स्थानों के CCTV फुटेज चेक किये, पहाड़ मंदिर के एक फुटेज में वह स्कुटी को धकेलता दिखाई दिया था, जिसे आसपास पता तलाश कर आज दस्तयाब किया गया। युवक बताया कि पहाड़ मंदिर के पास अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और वह बदहवाश होकर ईधर-उधर घूम रहा था, जब तक स्कूटी की बैटरी चार्ज थी। दस्तयाब युवक को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## जनचौपाल : लोगों की समस्याएं सुन उनका समाधान निकालने से होती है कलेक्टर के सप्ताह की शुरुआत

- कलेक्टर सिन्हा हर सोमवार को सबसे पहले जनचौपाल लगा लोगों से करते हैं मुलाकात
- जनचौपाल में कलेक्टर से सीधे मिलकर रख सकते हैं अपनी बात, मिलता है त्वरित समाधान
- लोगों से मिले फीडबैक से हफ्ते के कामकाज की तैयार करते हैं रणनीति



**रायगढ़।** सोमवार सप्ताह का पहला दिन। कलेक्टर कार्यालय में सुबह जब सभी विभाग आगे के सप्ताह में काम काज की रूपरेखा तैयार कर रहे होते हैं। ऐसे में जिले के कलेक्टर अपने सप्ताह की शुरुआत लोगों से मिलने और उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान निकालने से करते हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने पदभार संभालने के साथ ही जनचौपाल के माध्यम से लोगों से सीधे मिलने की शुरुआत की है। इसके लिए उन्होंने सोमवार अर्थात सप्ताह के पहले दिन को चुना है। लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनना और उनका समाधान निकालने के साथ बातचीत के दौरान उनसे मिले फीडबैक को अपने हफ्ते के कामकाज की रणनीति बनाने में भी वे शामिल करते हैं।

कलेक्टर सिन्हा प्रत्येक सोमवार प्रात: 10.30 बजे से जनचौपाल लगाते हैं। इसमें वे अलग- अलग विभाग के अधिकारियों को भी अपने साथ रखते हैं। जिससे मौके पर ही अधिक से अधिक मामलों में समाधान के लिए कार्यवाही शुरू हो जाए। कलेक्टर सिन्हा बेहद सरल सहज अंदाज में लोगों से मुलाकात करते हैं। कलेक्टर सिन्हा जब बोल बबा, बोल दाई जैसे संबोधन से संवाद की शुरुआत करते हैं तो लोग भी बेहिचक अपनी बातें रखते हैं, समस्याएं बताते हैं। मौके पर समाधान करने लायक मामलों को वहीं निराकृत कर दिया जाता है। बाकी में अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाता है।

कलेक्टर सिन्हा से आज जनचौपाल में मिलने 100 से अधिक लोग पहुंचे और कलेक्टर से मिलकर अपनी तकलीफ बताई। कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह सिविल लाईन धरमजयगढ़ निवासी निर्मला बरवा नजूल भूमि का भूस्वामी हक में प्रदत्त व्यवस्थापन पट्टा को निरस्त करने संबंधी आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि नजूल टाऊन धरमजयगढ़ सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 5 की शासकीय नजूल भूमि पर घर बाड़ी बनाकर लगभग 2008-09 से कब्जारत है। लेकिन उक्त नजूल भूमि को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा छलपूर्वक मेरे द्वारा बनाए गए मकान की फोटो एवं काबिज भूमि की चौहद्दी दर्शाते हुए अपने नाम पर भूस्वामी हक में व्यवस्थापना पट्टा बनवाया जा रहा है। जिसे निरस्त करने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने अपर कलेक्टर को आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जामपाली रायगढ़ के लाल कुमार नायक वृद्धा पेंशन, रायगढ़ सत्तीगुड़ी चौक की 62 वर्षीय बुधवारी विधवा पेंशन एवं शौकीलाल ट्रायसायकिल की मांग हेतु आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक समाज कल्याण को संबंधित आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए दोनों हितग्राहियों को पेंशन एवं शौकीलाल को ट्रायसायकिल दिलाए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह जनचौपाल में राशन कार्ड, राजस्व, वन अधिकार पत्र, सीमांकन, बटांकन, पेंशन को लेकर लोगों ने आवेदन किया।

**बसोड़ कलाकार के हुनर को सराहा, लोन दिलवाने के दिए निर्देश-** जनचौपाल में कोसमनारा के बसोड़ कलाकार किशन तुरी भी मिलने पहुंचे। वे अपने साथ बांस की कलाकृति भी लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर सिन्हा ने उनके हुनर की तारीफ करते हुए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि तुरी को लोन दिलवाएं। जिससे वे अपना काम आगे बढ़ा सकें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480